आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में–राज्यपाल के अभिभाषण के साथ होगी सत्र की शुरूआत।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–नई शिक्षा नीति के तहत देश के इतिहास को सही ढंग से संकलित करने का कार्य हुआ शुरू।
- प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का पर्व–मंदिरों में भगवान शिव की चार पहर की पूजा जारी।
- मंडी का अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल से–महोत्सव के आयोजन के 5 सौ वर्ष पूरे।

<u>विधानसभा सत्र</u>

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता में बताया कि पहले चरण में सत्र की 3 बैठकें होंगी और अन्य बैठकों को लेकर बाद में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक विधायकों की ओर से विधानसभा सचिवालय को एक सौ 25 प्रश्न प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक सौ 11 तारांकित और 14 लिखित प्रश्न शामिल हैं। बजट सत्र से पहले कल ही विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग की अपील की है।

कुलदीप पठानिया ने कहा कि आयुष मंत्री यादवेन्द्र गोमा की ओर से मंडी के उपायुक्त के बारे में विशेषाधिकार के उल्लंघन को लेकर शिकायत मिली है जिसे लेकर मुख्य सचिव के माध्यम से उपायुक्त से जवाब मांगा गया है।

<u>विधायक दल</u>

इस बीच बजट सत्र के दौरान रणनीति बनाने के लिए कल सुबह कांग्रेस और भाजपा विधायक दलों की अलग–अलग बैठकें होंगी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कांग्रेस विधायक दल राजस्व घाटा अनुदान– आर.डी.जी. सहित अन्य मुद्दे पर सत्र के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगा।

दूसरी ओर भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे होगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

<u>भेंट</u>

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने आज शिमला स्थित लोक भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को कल से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की औपचारिक रूप से आमंत्रित किया।

नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज हमीरपुर के नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान में ठाकुर राम सिंह के एक सौ 11वें जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि ठाकुर राम सिंह ने भारतीय इतिहास को संकलित करने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया और वे सच्चे अर्थों में एक तपस्वी थे। नड्डा ने कहा कि इतिहास का सम्मान ही राष्ट्र की शक्ति का आधार है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार से केंद्र द्वारा दी जा रही भारी भरकम धनराशि के खर्च को लेकर जानकारी साझा करने की मांग की है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने प्रदेश को लाखों करोड़ रूपए की आर्थिक मदद दी है लेकिन कांग्रेस सरकार ये स्पष्ट नहीं कर पा रही है कि ये पैसा कहां खर्च किया गया है। बिंदल ने मुख्यमंत्री के पिछले कल के सिरमौर जिले के दौरे को भी निराशाजनक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा राज्य सरकार ने विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया है जबकि सैंकड़ों संस्थान बंद कर लोगों को परेशानी में डाला है।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पर्व आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रदेश के सभी शिवालयों में सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और भगवान शिव के भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। भगवान भोलेनाथ की चार पहर की पूजा के साथ ही आज रात भर भजन–कीर्तन का कार्यक्रम जारी रहेगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये पर्व लोगों के जीवन में खुशहाली और प्रसन्नता लाएगा।

मंडी–शिवरात्रि

उधर मण्डी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल से शुरू हो रहा है जो 22 फरवरी तक चलेगा। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि समापन अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शिरकत करेंगे। इस वर्ष का मंडी शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक रूप से बहुत खास है, क्योंकि इस वर्ष इस महोत्सव के आयोजन के 5 सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस बार मेले में 2 सौ 16 से अधिक देवी–देवताओं को आमंत्रित किया गया है, जो सप्ताह भर मंडी में प्रवास करेंगे।

एम्बुलेंस कर्मचारी

पिछले चार दिनों से हड़ताल पर बैठे एक सौ 8 व एक सौ 2 एम्बुलेंस कर्मचारी कल शिमला में राज्य सरकार और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त ने आज नाहन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य भर से सैंकड़ों कर्मचारी शिमला में एकत्रित होंगे। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी न्यूनतम वेतनमान लागू करने और उनके लिए ठोस नीति बनाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस कर्मचारी आपात स्थिति में अपनी सेवाएं दे रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है।